बिहार विधान परिषद

206वां बजट सत्र

लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न

1 मार्च 2024

: [**शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा - विज्ञान एवं प्रावैधिकी खेल**].

अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 7

कारगर नीति कबतक

76. **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सूबे के सरकारी विद्यालयें के साथ- साथ सरकारी महाविद्यालयों में नियमित शिक्षकों के अभाव में वर्षा से अतिथि शिक्षक/अध्यापक नियुक्त एवं कार्यरत हैं जिनकी अहर्त्ता, पात्रता, योग्यता नियमित शिक्षकों जैसी ही है;

(ख) क्या यह सही है कि नियमित नियुक्तियों के कारण इन अतिथि शिक्षकों/ प्राध्यापकों की सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही है जिसके कारण इनका भविष्य असुरक्षित है;

(ग) यदि उपुर्यक्त खण्डों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे अतिथि शिक्षकों/ प्राध्यापकों के सुरक्षित भविष्य हेतु कोई कारगर नीति का गठन करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तों क्यों?

स्टेडियम का निर्माण

77. **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **खेल** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला मुख्यालय में स्टेडियम नहीं रहने के कारण खेल-प्रेमियों को खेलने में कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शिवहर जिला मुख्यालय में स्टेडियम का निर्माण करने की विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

शिक्षकों का ऐच्छिक स्थानांतरण

78. **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि नियोजित शिक्षक को राज्यकर्मी का दर्जा देने हेतु बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली ,2023 के तहत 'सक्षमता परीक्षा' अनिवार्य किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस नियमावली के अनुसार नियोजित शिक्षक को विशिष्ट शिक्षक बनने के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा कम्प्यूटर जनित (ऑनलाईन) सक्षमता परीक्षा में तीन बार उत्तीर्ण होने का मौका दिया है;

(ग) क्या यह सही है कि सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात इनकी वरीयता का निर्धारण जिलास्तर पर उत्तीर्णता की तिथि से लागू होगा तथा स्थानांतरण हेतु तीन जिलों का विकल्प देना होगा, जो शिक्षक के साथ अन्यायपूर्ण रवैया है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्तीर्णता परीक्षा लिखित रूप से बी.पी.एस .सी.एवं ट्री- 2 की तरह आफलाइन वरीयता का आधार नियोजन तिथि से एवं शिक्षकों का ऐच्छिक स्थानांतरण यथाशीघ्र करना चाहती है , यदि हां तो कबतक ?

शिक्षक विद्यार्थियों के अनुपात का ब्योरा

79. **प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही हैं कि बिहार के महाविद्यालयों में शिक्षक विद्यार्थियों के अनुपात का ब्योरा उपलब्ध है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ब्योरा सदन पटल पर रखना चाहती है?

भाषा,संस्कृति एवं लोकभाषा से सम्बन्ध

80. **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के भाषा एवं लोकभाषा से सम्बद्ध किसी प्रकार का कार्य नहीं होता है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के भाषा एवं संस्कृति से सम्बद्ध किसी प्रकार का कार्य नहीं होता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इन संस्थाओं की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सरकार के पास कौन सी योजना है ?

EPF स्कीम की सुविधा

81. **श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 531 अराजकीय अनुदानित संस्कृत विद्यालयों में 15.02.2011 के बाद नियुक्त शिक्षकों /कर्मियों को EPF स्कीम की सुविधा प्रदान की जा रही है जबकि 15.02.2011के पूर्व से नियुक्त /बहाल शिक्षकों /कर्मियों को EPF स्कीम की सुविधा से वंचित रखा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा एक ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों / कर्मियों से किये जा रहे इस दोहरे बर्ताव के कारण शिक्षकों /कर्मियों में असंतोष की भावना बनी हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार 15.02.2011के पूर्व से नियुक्त /बहाल शिक्षकों /कर्मियों को EPF स्कीम की सुविधा प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक यदि,नहीं तो क्यों?

SAI सेंटर

82. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **खेल** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही हैं कि भारतीय खेल प्रधिकरण द्वारा कबड्डी ,वॉलीबॉल,फुटबॉल इत्यादी खेलों के लिए संचालित राज्य के चारों **SAI सेंटर बंद है**

(ख) क्या यह सही हैं कि उक्त सेंटर बंद रहने के कारण इन खेलों के खिलाड़ियों को अभ्यास करने में परेशानी हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केन्द्र से इन सेंटर को चालू करने की पहन करेंगी, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?